कार्यालयः जिला विद्यालय निरीक्षक, अम्बेडकरनगर

पत्रांकः वि0क्लब/7601-04 /2022–23 दिनांक 21-09-2022

प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या,
समस्त राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त/वित्तविहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय,
यू0पी0 बोर्ड, सी0बी0एस0ई0 बोर्ड, आई0सी0एस0सी0 बोर्ड,
अम्बेडकरनगर।

विज्ञान भारती, विज्ञान प्रसार व राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान परिषद (NCERT) शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से विद्यार्थी विज्ञान मंथन में मेधावियों की खोज हेतु प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 11 तक सभी बोर्ड के विद्यार्थी vvm.org.in पर पंजीकरण कर सम्मिलित हो सकते है। परीक्षार्थी को 27 नवम्बर और या 30 नवम्बर 2022 को सुबह 10 बजे से शाम 06 बजे तक (90 मिनट) परीक्षा में शामिल होना होगा। 20 दिसम्बर 2022 को परिणाम घोषित किया जायेगा।

उत्तर प्रदेश के कुल 240 विद्यार्थियों को प्रदेश स्तरीय शिविर में सहभागिता का अवसर मिलेगा। 36 विजेताओं को 5000/– 3000/– वह 2000/– के पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा। 24 विजयी विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर के शिविर में जाएंगे। प्रत्येक प्रतिभागी को जनपद स्तरीय प्रमाण पत्र दिये जाएंगे। प्रतिभागियों को 90 मिनट में 100 सवालों के जवाब देने होंगे। अधिकतर प्रश्न एप्लीकेशन बेस्ड होंगे, पंजीकरण शुल्क 200 निर्धारित किया गया है।

विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2022–23 संस्करण में भाग लेने वाले बच्चों को विशेष अवसर प्रदान करेगा। जिसमें प्रशिक्षण सह इंटर्नशिप (1 से 3 सप्ताह) राष्ट्रीय (हिमालयी) और क्षेत्रीय विजेताओं को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रयोगशाला या डीआरडीओ, इसरो, सीएसआईआर बीएआरसी आदि जैसे प्रमुख शोध संस्थान में से किसी एक में अवसर मिलेगा (कोविड–19 स्थिति के अधीन), साथ ही साथ विद्यार्थी विज्ञान मंथन रुपये 2000/– प्रतिमाह की भास्कर छात्रवृत्ति शुरु कर रहा है। एक वर्ष के लिए राष्ट्रीय विजेता (हिमालयी) को एक विशिष्ट परियोजना/ गतिविधि सौंपी जाएगी। जिनका समय–समय पर मूल्यांकन किया जायेगा।

अतः आप अपने विद्यालय के कक्षा 6 से 11 तक कम से कम प्रति कक्षा 10 विद्यार्थियों का पंजीकरण अनिवार्य रुप से उक्त बेवसाइट पर अन्तिम दिनांक 15.10.2022 तक कराया जाना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी हेतु जिला समन्वयक– नीरज यादव 7844058058, सह समन्वयक– विवेक कुमार जायसवाल 9452296500 पर सम्पर्क कर सकते है।

21/9/22

जिला विद्यालय निरीक्षक
अम्बेडकरनगर

पृ0सं0 व दिनांकः उक्तवत्।
प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अम्बेडकरनगर।
2. राज्य समन्वयक, विज्ञान भारती अवध प्रान्त, लखनऊ उ0प्र0।
3. जिला समन्वयक, नीरज यादव, विद्यार्थी विज्ञान मंथन, अम्बेडकरनगर।

21/9/22

जिला विद्यालय निरीक्षक
अम्बेडकरनगर

Scanned with CamScanner